अमर उजाला 29/10/2025

# भारतीय रसायन विज्ञान पर व्याख्यान आयोजित



अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में व्याख्यान के दौरान मौजूद वक्ता व अन्य। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने पारंपरिक भारतीय रसायन विज्ञान और उसका आधुनिक महत्व विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय रसायन विज्ञान की प्राचीन परंपरा, उसकी वैज्ञानिक सोच व आधुनिक रसायन विज्ञान में उसकी प्रासंगिकता को समझना रहा। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, कुरुक्षेत्र से एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष और रसायन शास्त्र विभाग डॉ. सतीश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय परंपरा में विकसित धातु-शोधन, औषधि निर्माण, रंगाई, कृषि एवं पर्यावरण-संरक्षण से संबंधित रासायनिक ज्ञान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। संवाद